नई दिल्ली, सोमवार
6 जून, 2022
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 12+4=16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

कश्मीर में अब आतंक की जड़ पर होगा प्रहार 1
दुनिया अपनाए पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली: मोदी 3

पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित, किया गया जागरूक

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : विश्व पर्यावरण दिवस पर रविवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण अभियान में पर्यावरणविदों के साथ-साथ सेक्टर और सोसायटी के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में नोएडा एक्सटेंशन साइक्लिस्ट क्लब (एनइसीसी) के बैनर तले सोसायटी के लोगों ने करीब 50 किलोमीटर साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। टीम सदस्यों ने बताया कि रैली का उद्देश्य लोगों को ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान एनईसीसी समूह के सदस्यों ने पौधे रोपित किए। समूह सदस्य रितेश मिश्रा व रोबिन तिवारी ने प्रत्येक वर्ष चार पौधे लगाने का अनुरोध किया।

सेक्टर बीटा दो के निवासियों ने पार्क में रोपित किए पौधे : सेक्टर बीटा दो के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर सेक्टर में पापड़ी, जामुन आदि के पौधे रोपित किए। इस दौरान प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके अरोड़ा, उद्यान विभाग प्रबंधक बीपी सिंह, सहायक प्रबंधक गौरव बघेल, हरेंद्र, विनोद सोलंकी मौजूद रहे।

सोसायटियों में भी रोपित किए गए पौधे : ग्रेनो वेस्ट स्थित पंचशील ग्रीन्स दो सोसायटी के निवासियों व महिला उन्नति संस्था सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर पर्यावरण दिवस मनाया। संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष एकता भटनागर के सहयोग से पौधे रोपित किए गए। गौर सिटी माल में पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। बता दें कि माल में बच्चों के लिए एक माह के समर कैंप का आयोजन किया गया है। जंगल सफारी के अलावा बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ उन्हें पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया गया।

अशोक वाटिका पार्क में किया पौधारोपण : सेक्टर अल्फा एक के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने ब्रह्माकुमारी के साथ मिलकर सेक्टर की अशोक वाटिका में पौधे रोपित किए। निवासियों ने पीपल, आंवला, जामुन, अशोक, नीम, आदि प्रजातियों के डेढ़ सौ से अधिक पौधे रोपित किए। इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष शेर सिंह भाटी, सुशील नागर, जितेंद्र भाटी, संजय नागर, गिरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण विषय पर हुई कला प्रतियोगिता : खैरपुर गुर्जर गांव में बच्चों के बीच पर्यावरण विषय पर कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण स्वास्थ्य विभाग के सलिल यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

गुलशन बेलिना सोसायटी में रोपित किए गए पौधे : ग्रेनो वेस्ट स्थित गुलशन बेलिना सोसायटी में लोगों ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे रोपित किए। इस दौरान बर्लिना कल्चरल कमेटी के पदाधिकारियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। पदाधिकारियों ने प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने की अपील की।

बटुकों ने रोपित किए पौधे : ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईटा-1 में संचालित महर्षि पाणिनि वेद-वेदांग विद्यापीठ गुरुकुल के बटुकों द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुकुल समेत शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य रविकांत दीक्षित ने बताया कि बढ़ते तापमान को कम करने का सबसे उचित उपाय केवल पेड़ पौधे हैं।

पूर्वांचल सिल्वर सिटी दो सोसायटी में पौधारोपण करते निवासी ● सौ. निवासी

गौड़ सिटी माल में बच्चों ने लिया जंगल सफारी का आनंद ● सौ. आयोजक

पांच हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प

ग्रेटर नोएडा की पूर्वांचल सिल्वर सिटी सोसायटी में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले निवासियों ने पौधे रोपित किए। आरडब्ल्यूए ने मानसून से पहले 14 प्रजातियों के पांच हजार पौधे रोपित करने का संकल्प लिया।

सीईओ ने रोपा जामुन का पौधा

पौधा रोपते यमुना प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ● सौ. प्राधिकरण

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा: विश्व पर्यावरण दिवस पर रविवार को यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 29 में पौधारोपण किया गया। सेक्टर में अपैरल पार्क के नजदीक हरित पट्टी में प्राधिकरण सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने जामुन का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। एसीईओ मोनिका रानी, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, शैलेंद्र सिंह समेत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पांच सौ पौधे लगाए। इसमें केलंडुला, चम्पा व आंवला, जामुन के पौधे लगाए गए। सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण ने पिछले साल मानसून में एक लाख पौधे लगाए थे। इस साल भी सवा लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है।

कलक्ट्रेट परिसर में रोपे पौधे : विश्व पर्यावरण दिवस पर कलक्ट्रेट परिसर में भी पौधारोपण हुआ। जिला कमांडेंट होमगार्ड वेदपाल चपराना की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एसडीएम सदर अंकित कुमार रहे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार, अंकित कुमार भी मौजूद रहे। परिसर में हरसिंगार, अर्जुन, आम, पीपल, नीम, जामुन, बरगद, पिलखन के पौधे लगाए गए। मानसून में प्रत्येक होमगार्ड ने पांच पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिवेंद्र कुमार, विपिन कुमार, अमित कुमार, सूरजपाल, कुलदीप, विनोद पुरुषोत्तम, मुनेश राना, शिवनारायण भाटी आदि मौजूद रहे।